INDIAN BUSINESS PARTY

IBP

इंडियन बिजनेस पार्टी

www.indianbusinessparty.org

दिनांक: 18/जुलाई/2016

माननीय,
श्री अखिलेश यादव जी
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन,
लखनउ, उत्तर प्रदेश

महोदय,

इंडियन बिजनेस पार्टी चुनाव आयोग द्वारा राष्ट्रीय पंजीकृत राजनीतिक दल है, भारत में लगभग 11 करोड कारोबारियों के हितों की रक्षा हेतु एक ऐसा राजनीतिक दल है जिसकी विचार धारा "समृद्ध कारोबार.. खुशहाल राष्ट्र" है।

उत्तर प्रदेश स्थित लघु इकाईयों द्वारा यह सूचित किया गया है कि UPSIDC एवं अन्य समान संस्थाओं द्वारा लीज होल्ड इंडस्ट्रियल प्लोट को फ्री होल्ड करने का प्रस्ताव किया है। यह एक स्वागतोत्धुक एवं प्रशासनीय कदम है। हम आपका ध्यान शासन आदेश संख्या 10-638/77-3-16-918 भा/81 दिनांक 29 अप्रैल 2016, जिसे बी अलकनन्दा, सचिव प्रदेश सरकार, औधोगिक विकास अनुभाग -3 द्वारा जारी किया गया है, की ओर आकृष्ट कराना चाहते है। उक्त शासनादेश के पैरा 3.2(i) में यह शर्त लगाई गई है कि लीज होल्ड से फ्री होल्ड होने वाला भूखण्ड न्यूनतम 1.00 हैक्टैयर (10000 मीटर) का होना चाहिए/ उक्त आदेश की कॉपी संगलन है।
माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश में लाखो की संख्या में लघु, एवं मध्यम उधोग प्रदेश के आर्थिक विकास नें निरंतर सहभागी है। यह उधोग धंधे प्रदेश के नौजवानो को रोजगार देते है तथा प्रदेश के चहुमुखी विकास में सबसे महत्वपूर्ण भागीदारी निभाते है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में हमारा आग्रह है कि पैरा 3.2(i) में निहित न्यूनतम 1.00 हैक्टैयर वाली सीमा को तत्काल प्रभाव से हटा लिया जाए तथा कोई भी औधोगिक भूखण्ड, बिना किसी क्षेत्रफल सीमा के, जो उक्त शासनादेश के अन्य शर्ते पूरा करता हो, को लीज होल्ड से फ्री होल्ड होने का सुनहरा अवसर मिलना चाहिए।

यह भी उल्लेखित है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उपरोक्त सीमा को समाप्त करने से लाखो लघु एवं मध्यम ईकाई को बडा सहारा मिलेगा एवं लघु एवं मध्यम उधोगपति बन्धु प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उधोग धंधे स्थापित करने में सक्षम होंगे और प्रदेश में चहुमुखी विकास सम्भव होगा।

आशा है कि आप उपरोक्त पर शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए लाखो लघु उधमियों को आगे बढने का मौका देंगे।

सधन्यवाद

वी. के. बंसल
संस्थापक संयोजक

भारतीय डाक India Post
SP PATEL NAGAR <110008>
ED092223911IN
Counter No:1,OP-Code:1234
To:SH AKHILESH YADAV J,
NEW HYDERABAD, PIN:226007
From:INDIAN BUSINESS PARTY , ND

भारतीय डाक India Post
<110008>
38IN
Code:1234
MODIJI,
AN, PIN:110011
SINESS PARTY , ND

भारतीय डाक India Post
AGAR <110008>
24041IN
:1,OP-Code:1234
MISHRJI,
PHAWAN, PIN:110011
AN BUSINESS PARTY , ND

प्रतिलिपि

1. माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार

2. माननीय श्री कलराज मिश्राजी
मध्यम, लघु एवं अतिलघु उधोग मंत्री भारत सरकार

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से अनुरोध है कि उपरोक्त विषय पर संज्ञान लेते हुए, उत्तर प्रदेश शासन को उचित कार्यवाही का आदेश दें तथा लाखो की संख्या में उत्तर प्रदेश स्थित लघु एवं मध्यम उधोगपतियों को राष्ट्रीय कार्यक्रम "Make In India" में सहभागी बनाएं।

Pragati Tower, 26 Rajendra Place, New Delhi-110008, INDIA.
+91-11-25784221 +91-7042828540 info@indianbusinessparty.org, indianbusinessparty@gmail.com
www.facebook.com/indianbusinessparty twitter.com/InBusinessParty www.linkedin.com/in/indianbusinessparty